महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय,अजमेर
स्पोर्ट्स बोर्ड

क्रमांक : एफ.7(   )एस.बी./मदसविवि/2021/109-509

दिनांक : 2/12/2021

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय,
अजमेर।

विषयः—अन्तर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता सत्र 2021—22 में आयोजन के प्रस्ताव भिजवाने हेतु।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सूचित कर लेख है कि जिन महाविद्यालयों में अन्तर महाविद्यालय खेल कूद प्रतियोगिता आयोजन हेतु संबंधित खेल के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है एवं जो महाविद्यालय अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता/प्रतियोगिताओं का आयोजन कराना चाहते है उनके आयोजन के प्रस्ताव संलग्न प्रारूप में दिनांक 15.12.2021 तक आमंत्रित किये जाते है। अतः आपका महाविद्यालय जिन अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता/प्रतियोगिताओं का आयोजन कराना चाहता है उनके प्रस्ताव निर्धारित दिनांक 15.12.2021 से पूर्व **सचिव,स्पोर्ट्स बोर्ड, मदसविवि,अजमेर** को भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।

अन्तर महाविद्यालय खेल कूद प्रतियोगिताओं हेतु सम्बद्वता प्राप्त सभी महाविद्यालय विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स बोर्ड को खेल सम्बद्वता शुल्क सत्र 2015—16 से सहशिक्षा महाविद्यालय हेतु 12000/— एवं एकल शिक्षा महाविद्यालय हेतु 6000/— वार्षिक देय है। कृपया खेल सम्बद्वता शुल्क राशि का चेक/ डिमाण्ड ड्राफ्ट सत्र 2021—22 हेतु **कुलसचिव, म.द.स.विश्वविद्यालय,अजमेर** के नाम भिजवाया जाना सुनिश्चि करें। कृपया स्पोर्ट्स बोर्ड खेल सम्बद्वता शुल्क यदि कोई बकाया हो तो वह भी भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। उक्त स्पोर्ट्स बोर्ड खेल सम्बद्वता शुल्क म.द.स. विश्वविद्यालय,अजमेर से सम्बद्वता प्राप्त सभी महाविद्यालयों को अनिवार्य रुपसे जमा करवाना है, चाहे वे स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में भाग लेवे अथवा नहीं। खेल सम्बद्वता शुल्क बकाया रहने की स्थिति में संबंधित महाविद्यालय के खिलाड़ियों को अन्तर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता सत्र 2021—22 में भाग लेने से वंचित कर दिया जावेगा जिसके लिए संबंधित महाविद्यालय उत्तरदायी होगें।

अन्तर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता आयोजक महाविद्यालय को प्रतियोगिता के दौरान प्रत्येक मैच की फोटोग्राफी/विडियोग्राफी करवाया जाना सुनिश्चित करना होगा तथा उक्त फोटोग्राफी/विडियोग्राफी को प्रतियोगिता समाप्ति के पश्चात विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स बोर्ड को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। खेल आयोजन प्रस्ताव का प्रारूप विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.mdsu.ac.in पर अपलोड कर दिया गया है एवं Grant in Aid (अंशदान राशि) विश्वविद्यालय नियमानुसार देय होगी।

संलग्नः—1. अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता के आयोजन हेतु आवेदन का प्रारूप (परिशिष्ठ—1)

सचिव,स्पोर्ट्स बोर्ड

परिशिष्ट – 1

सत्र 2021–2022

अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता के आयोजन हेतु आवेदन

1. महाविद्यालय का नाम ....
2. खेल का नाम ....
   (जिसमें प्रतियोगिता आयोजित करने का प्रस्ताव है)
3. वर्ग (पुरूष / महिला) ....
4. महाविद्यालय का पूर्ण पता ....
   ....
   ....
5. प्राचार्य का नाम,फोन,मोबाइल नम्बर ....
6. शारीरिक शिक्षा शिक्षक का नाम ....
7. फोन,मोबाइल नम्बर, पता ....
8. खेल मैदानों की संख्या ....
9. ठहरने की व्यवस्था का संक्षिप्त ब्यौरा ....
   (a) खिलाडियों की ....
   (b) अधिकारियों की ....
10. रैफरी की व्यवस्था की जानकारी ....

शारीरिक शिक्षा शिक्षक

प्राचार्य